केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

मुख्यालय, दिल्ली

हिंदी प्रकोष्ठ द्वारा प्रशासन एकक के लिए हिंदी गतिविधि का आयोजन

– एक संक्षिप्त रिपोर्ट

राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित बोर्ड मुख्यालय के हिंदी प्रकोष्ठ द्वारा प्रशासन शाखा की इकाइयों के लिए 13 अगस्त, 2024 को हिंदी शब्द अंताक्षरी का आयोजन निम्नानुसार किया गया:-

स्थान: बोर्ड मुख्यालय, तृतीय तल अपराह्न 4 बजे

हिंदी गतिविधि: हिंदी शब्द अंताक्षरी प्रतियोगिता

श्री विजय सिंह यादव, संयुक्त सचिव (प्रशासन एवं विधि) की अध्यक्षता में, गुलाब सिंह अवर सचिव, (कार्मिक) ने श्रीमती कैथरीन, संयुक्त सचिव (आईटी) को संबोधित करते हुए उपर्युक्त कार्यक्रम में सभी कार्मिकों का अभिनंदन किया। इसके उपरांत, श्रीमती पूनम मल्होत्रा, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित कार्मिकों को संबोधित किया। प्रशासन 2 व 3, कार्मिक ए एवं बी, और हिंदी प्रकोष्ठ आदि शाखाओं के कुल मिलाकर लगभग 24 कार्मिकों ने भाग लिया।

श्रीमती पूनम मल्होत्रा, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने प्रतिभागियों के समक्ष कार्यक्रम का प्रयोजन और रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए हिंदी शब्द अंताक्षरी प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी प्रदान की। उसके उपरांत, प्रतियोगिता का आरंभ किया जिसमें उपस्थित प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक नाना-नाना प्रकार के प्रशासनिक एवं कार्यालयी शब्दों का प्रयोग किया। इस प्रकार विभिन्न शब्दों की जानकारी सभी कार्मिकों को प्राप्त हुई, जो कि उनके कार्यालयी प्रयोजन में उपयोगी सिद्ध होगी।

श्रीमती पूनम मल्होत्रा, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने सभी अधिकारियों को हिंदी के प्रचार एवं प्रसार के प्रति भागीदार होने के लिए जल की धारा का ऊपर से नीचे की ओर बहने का उदाहरण दिया जिसका अर्थ यह है कि यदि उच्च अधिकारी हिंदी के प्रचार एवं प्रसार में योगदान देंगे तब उनके अधीनस्थ कार्मिक भी प्रोत्साहित होकर भाग लेंगे। उक्त आयोजन में अनुभाग अधिकारी, अवर सचिव एवं संयुक्त सचिव के स्तर के अधिकारियों ने बेहद उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं अपने अधीनस्थ कार्मिकों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में, प्रथम पुरस्कार सुश्री उमा देवी, निजी सहायक, द्वितीय पुरस्कार, श्रीमती बबीता साह, अधीक्षक तथा तृतीय पुरस्कार श्रीमती शिवानी, अधीक्षक को संयुक्त सचिव (आईटी) द्वारा प्रदान किया जिससे पुरस्कृत प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन हुआ।

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उत्साहपूर्वक भागीदारी दी। इस प्रकार यह हिंदी गतिविधि सम्पन्न हुई।

झलकियाँ